नव भारत
राष्ट्रहित सर्वोपरि 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



6 अब एयरफोर्स की ताकत बढ़ानी होगी



5 सजा अवधि पूरी करने वाले कैदी को रिहा करें



8 झारखंड ने जीता जूनियर महिला हॉकी खिताब



7 ट्रंप का बड़ा ऐलान- गोल्ड पर टैरिफ नहीं लगेगा

# सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी

**4,594** करोड़ रुपये का निवेश आंध्र प्रदेश में | **76** हजार करोड़ का वित्तीय मदद देने का किया प्रावधान | **9.6** करोड़ सेमीकंडक्टर चिपों के विनिर्माण की होगी क्षमता

**नयी दिल्ली, 12 अगस्त. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में कुल 4,594 करोड़ रुपये के निवेश से चार सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की स्थापना को मंजूरी दी.**

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी संवाददाताओं को देते हुए कहा कि ये प्रस्ताव 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत स्वीकृत किए गए हैं. इस मिशन के तहत सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों की स्थापना में वित्तीय मदद देने के लिए 76,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. वैष्णव ने कहा, 'मंत्रिमंडल ने चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों को स्वीकृति दी है जिनकी स्थापना ओडिशा, पंजाब एवं आंध्र प्रदेश में की जाएगी.'

वैष्णव ने कहा कि ओडिशा



की राजधानी भुवनेश्वर में सिलिकॉन कार्बाइड सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित किया जाएगा. इस पर सिकसेम प्राइवेट लिमिटेड 2,066 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. इस संयंत्र की वार्षिक क्षमता 9.6 करोड़ सेमीकंडक्टर चिपों के विनिर्माण की होगी.

उन्होंने कहा, ''सिलिकॉन कार्बाइड बेहद मजबूत सामग्री है और यह उच्च तापमान पर भी काम कर सकती है. इसका इस्तेमाल मिसाइल, उपग्रह, दूरसंचार टावर, रॉकेट और रेल इंजन में किया जाता है.''

ओडिशा में ही एक 3डी ग्लास निर्माण संयंत्र भी स्थापित होगा जिस पर 1,943 करोड़ रुपये का निवेश होगा. हेटेरोजीनस इंटीग्रेशन पैकेजिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के इस संयंत्र में अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां इंटेल एवं लॉकहीड मार्टिन सहित अन्य का निवेश होगा. इसकी उत्पादन क्षमता पांच करोड़ यूनिट की होगी.

मंत्रिमंडल ने आंध्र प्रदेश में चिप पैकेजिंग संयंत्र को मंजूरी दी है, जिसे एडवांस्ड सिस्टम इन पैकेज टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड 468 करोड़ रुपये के निवेश से लगाएगी. इसकी वार्षिक क्षमता 9.6 करोड़ चिप के विनिर्माण की होगी.

मंत्रिमंडल ने पंजाब में 117 करोड़ रुपये के निवेश वाली सेमीकंडक्टर परियोजना को भी मंजूरी दी है जिसकी स्थापना इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे बनाने वाली कंपनी सीडीआईएल करेगी. इस संयंत्र में सालाना 15.8 करोड़ चिपों का विनिर्माण किया जा सकेगा. अरुणाचल प्रदेश के शियोमी जिले में 8,146.21 करोड़ रुपये की लागत से 700 मेगावाट (4×175 मेगावाट) क्षमता वाली तातो-द्वितीय जल विद्युत परियोजना को मंजूरी दी गई.

### लखनऊ मेट्रो के चरण-1बी के लिए 5,801 करोड़ की मंजूरी

लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को लेकर लिया गया. 5,801 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस चरण में 11.165 किलोमीटर लंबा मार्ग और 12 स्टेशन होंगे, जिससे लखनऊ मेट्रो नेटवर्क 34 किलोमीटर तक विस्तारित हो जाएगा. यह चरण पुराने लखनऊ के अमीनाबाद, यहियागंज, पांडेगंज और चौक जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों के साथ किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, बड़ा और छोटा इमामबाड़ा, भूलभुलैया, घंटाघर और रूमी दरवाजा जैसे ऐतिहासिक स्थलों को जोड़ेगा. इससे यातायात दबाव कम होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी.

> वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उठाए गए विभिन्न कदमों से पिछले 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र छह गुना बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात आठ गुना बढ़कर 3.3 लाख करोड़ रुपये और मोबाइल उत्पादन 28 गुना बढ़कर 5.5 लाख करोड़ रुपये हो गया है. उन्होंने बताया कि भारत दो-चार सितंबर तक 'सेमिकॉन इंडिया 2025' की मेजबानी करेगा जिसमें सिंगापुर, मलेशिया, जापान एवं कोरिया साझेदार देश होंगे.



## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले सीएम डॉ. यादव

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को संसद भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की.**

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री शाह को प्रदेश में नए आपराधिक कानून लागू करने और सहकारिता के क्षेत्र में किए गए नवाचारों से अवगत कराया. मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश की राजधानी बने. उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रदेश की हिस्सेदारी, जो अभी 9 प्रतिशत है, उसको बढ़ाकर 25 फीसदी करने का लक्ष्य रखा गया है. नए कानून लागू करने में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्य बन गया है.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में चल रहे नवाचारों के माध्यम से सुशासन के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे. उन्होंने केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री शाह से मिल रहे मार्गदर्शन और सहयोग के लिये आभार माना.

## एक नजर में

### सीबीआई ने धोखाधड़ी मामले में की छापेमारी

**नयी दिल्ली.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पद्मादेवी शुगर्स लिमिटेड के खिलाफ 120.8 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी से संबंधित एक मामले में समन्वित तलाशी अभियान चलाया. ये तलाशी अभियान अप्पू होटल्स लिमिटेड और ओटियम वुड इंडस्ट्रीज के परिसरों में चलाया गया. इन दोनों कंपनियों के पद्मादेवी शुगर्स लिमिटेड के साथ संदिग्ध लेनदेन के आरोप हैं. मद्रास उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सीबीआई, बीएसएफबी बेंगलुरु शाखा में कांचीपुरम स्थित कंपनी मेसर्स पद्मादेवी शुगर्स लिमिटेड के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था. इंडियन ओवरसीज बैंक (चेन्नई शाखा) की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि कांचीपुरम स्थित एक कंपनी ने अपनी संबद्ध संस्थाओं और अज्ञात सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, संपत्ति के दुरुपयोग और जालसाजी के अपराध किए, जिससे बैंक को 120.84 करोड़ रुपये का गलत नुकसान हुआ.

### विमल कुमार यादव ने ली न्यायाधीश पद की शपथ

**नयी दिल्ली.** न्यायिक अधिकारी विमल कुमार यादव ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ ली. दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने श्री यादव शपथ एवं गोपनीयता की दिलायी. न्यायमूर्ति यादव के न्यायाधीश बनने के साथ ही उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 44 हो गयी. यहां न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 60 है. केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने आठ जुलाई को उनकी नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना जारी की थी. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी गवाही की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 28 जुलाई को श्री यादव को न्यायिक अधिकारी से पदोन्नत कर न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की थी.

## जस्टिस वर्मा पर महाभियोग को समिति गठित

### लोकसभा स्पीकर ने बिरला ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति

**नयी दिल्ली, 12 अगस्त. लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की जिसमें उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के एक-एक न्यायाधीश और एक कानूनविद् शामिल हैं.**

बिरला ने लोक सभा में महाभियोग प्रस्ताव को लेकर सदन को अवगत कराते हुए कहा कि इस समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनीन्द्र मोहन श्रीवास्तव और



कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी वी आचार्य को शामिल किया गया है.

उन्होंने कहा कि समिति यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी. समिति से जांच रिपोर्ट मिलने तक यह प्रस्ताव लंबित रहेगा. उन्होंने समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा से पहले कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 124 (4) के तहत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव है. इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वर्मा को उनके कदाचार के लिए उनको हटाने का प्रस्ताव मिला था. न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में उनके कार्यकाल के समय से संबंधित शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया गया. ऐसे में उनके खिलाफ कार्रवाई करने की जरूरत है. बिरला ने न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में कार्रवाई का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इस मामले से जुड़े तथ्य जो भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं.

## संसद में तीन विधेयक पारित

**नयी दिल्ली, 12 अगस्त.** संसद में मंगलवार को तीन महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए. राज्यसभा ने राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को ध्वनिमत से मंजूरी दी. इनका उद्देश्य खेल बोर्ड की स्थापना, खेल निकायों का विनियमन और डोपिंग रोकथाम को सशक्त करना है. लोकसभा ने खान और खनिज (विकास एवं नियमन) संशोधन विधेयक 2025 पारित किया, जिससे खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और स्थानीय समुदाय को लाभ मिलेगा.

### एसआईआर पर सुको में सुनवाई

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर दायर याचिकाओं पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि इस महीने जारी पहली ड्राफ्ट लिस्ट में 12 जीवित लोगों को मृत घोषित किया गया है.

## 1700 पायलटों को नोटिस

- इंडिगो एयरलाइन के दस्तावेजों की जांच के बाद कार्रवाई
- सिम्युलेटर पर कराई गई ट्रेनिंग में चूक

**नयी दिल्ली, 12 अगस्त. विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश की सबसे बड़ी निजी एयरलाइन इंडिगो को 1,700 पायलटों के सिम्युलेटर प्रशिक्षण में कथित चूकों के मामले में 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है. सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई पिछले महीने एयरलाइन से मिले दस्तावेजों और जवाबों की जांच के बाद की गई.**

डीजीसीए की जांच में पाया गया कि पायलटों के 'सी' श्रेणी या महत्वपूर्ण हवाई अड्डों के लिए किए गए प्रशिक्षण ऐसे सिम्युलेटर पर कराए गए, जो प्रमाणित नहीं थे. इनमें मुख्य पायलट और सहायक पायलट दोनों शामिल हैं. जिन उपकरणों का उपयोग किया गया, वे कालीकट, लेह और काठमांडू जैसे संवेदनशील हवाई अड्डों पर संचालन के लिए आवश्यक मानकों पर खरे नहीं उतरे. खासकर कालीकट हवाई अड्डा 'टेबल टॉप रनवे' होने के कारण अतिरिक्त सुरक्षा नियमों की मांग करता है. सूत्रों के अनुसार इंडिगो के प्रवक्ता ने नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि कंपनी इसकी समीक्षा कर रही है और तय समयसीमा के भीतर नियामक को जवाब देगी.

### देशभर के 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई

**नयी दिल्ली, 12 अगस्त.** भारतीय रेलवे अब देशभर के 6,115 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को मुफ्त वाई-फाई सुविधा प्रदान कर रहा है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में जानकारी दी कि लगभग सभी रेलवे स्टेशनों पर दूरसंचार कंपनियों द्वारा 4जी/5जी कवरेज उपलब्ध है, जिससे यात्रियों को बेहतर डेटा कनेक्टिविटी मिल रही है. यह पहल सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहरी-ग्रामीण डिजिटल अंतर को पाटना है. यात्री अपने स्मार्टफोन में वाई-फाई मोड चालू कर 'रेलवायर' नेटवर्क से कनेक्ट होकर मोबाइल नंबर दर्ज करने और ओटीपी सत्यापन के बाद सेवा का लाभ उठा सकते हैं.

## गुस्ताखी माफ





**मोदी का वीडियो** | दुनियाभर के युवाओं को भारत में अध्ययन, शोध और सहयोग के लिए

# वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने भारत प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली, 12 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिक जिज्ञासा को पोषित करने और युवा मस्तिष्कों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताते हुए दुनिया भर के युवाओं को भारत में अध्ययन, शोध और सहयोग के लिए आमंत्रित किया.**

खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड को वीडियो संदेश से संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि अटल टिंकरिंग लैब्स में एक करोड़ से अधिक छात्र विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) के व्यावहारिक प्रयोग कर रहे हैं. 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' योजना के तहत लाखों छात्रों व शोधकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं तक मुफ्त पहुंच उपलब्ध है. प्रधानमंत्री ने स्टेम में महिलाओं की अग्रणी भागीदारी, अरबों डॉलर के शोध निवेश और वैश्विक परियोजनाओं जैसे स्क्वायर किलोमीटर एरे व लिगो-इंडिया में भारत के योगदान का उल्लेख किया. उन्होंने चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के मिशन को युवाओं के लिए प्रेरणा बताया. उन्होंने कहा कि भारत में परंपरा और नवाचार, अध्यात्म और विज्ञान, जिज्ञासा और रचनात्मकता का संगम है. लद्दाख की उच्चतम वेधशाला, पुणे का विशाल रेडियो टेलीस्कोप और ऐतिहासिक वैज्ञानिक उपलब्धियां भारत की क्षमता का प्रमाण हैं.



### प्रधानमंत्री मोदी व फिजी राष्ट्रपति का 25 अगस्त को ग्वालियर दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के राष्ट्रपति नैकामा लालाबालावू 25 अगस्त को ग्वालियर पहुंचेंगे. इस अवसर पर दोनों देशों के बीच कई अहम विषयों पर चर्चा होगी. बैठक में भारत सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे. जिला प्रशासन और पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह तैयार हैं.





Movement that inspires

Benefits worth up to ₹ 90 000*

This Independence Day, take the wheel and make the journey your own. With striking design, intuitive tech, and a drive that feels just right; drive home your favorite Kia, free to go wherever life takes you.

| Exclusive ownership benefits.* | Syros | Seltos | Sonet |
|---|---|---|---|
| | Benefits of up to ₹ 90 000 | Benefits of up to ₹ 85 000 | Benefits of up to ₹ 66 000 |

Exclusive scrappage benefits of up to ₹ 20 000/-^
Kia cars are now available through Canteen Stores Department (CSD) & Kendriya Police Kalyan Bhandar (KPKB).

For more information, visit our dealership or contact:
1800 108 5000 | 093195 91407 | www.kia.com | Book Kia | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India" @

*Terms & condition apply. Benefits shown are the combination of exchange and special benefits. ^Defined benefit is 1.5% of the value of Ex-showroom price of the purchased car or up to ₹20 000 which-ever is lower. The product shown is for representation purposes only. Actual features, colors, and specifications may not be part or standard fitment and may vary. Kia india Pvt. Ltd. reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, and other details of any model as mentioned or to modify/ discontinue any offer/scheme/service without prior notice. Kia urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on the roads. Visit your nearest Kia dealership for more details.

**Shri Kia:** Palasia, Indore, Tel: 6262626804; Dewas Naka, Indore, Tel: 9285288888; Dewas Road, Ujjain, Tel: 9171605000; Mhow Neemuch Road, Ratlam, Tel: 6262626803 **Bhagirath Kia:** MR-10 Luv Kush Square, Tel: 9165915000; Bhanwarkua, Indore, Tel: 6269611000; Sanawad Road, Khargone, Tel: 7354911000